Title: Need to provide more facilities at various railway stations in Balsur Parliamentary constituency, Gujarat.

श्री मणिभाई रामजीभाई चौधरी (बलसाड़): वैसे तो समस्त देश में रहने वाले देशवासियों के समक्ष अनेक समस्यायें हैं, किंतु यातायात की समस्या सबसे महत्वपूर्ण है। दिल्ली हो या देश का कोई अन्य हिस्सा, यातायात की समस्या से सभी परेशान हैं। गुजरात राज्य में स्थित मेरा संसदीय क्षेत्र बलसाड़ भी इस समस्या से अछूता नहीं है। मेरे संसदीय क्षेत्र में लगभग 140 कि0मी0 लम्बी रेल लाइन है और उस पर स्थित वापी सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है, जहां पर अमलसाड, बिल्लीमारान, बलसाड आदि स्थानों से लोग काम करने के लिए आते और जाते हैं। किंतु वहां पर आने जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में रेल व्यवस्था न होने के कारण वहां के लोगों में काफी असंतोा व्याप्त हो रहा है। क्योंकि बसों में आने जाने में जहां अनेक कठिनाईयां होती हैं, वहीं उनकी आमदनी का बड़ा हिस्सा किराये में ही निकल जाता है। गुजरात राज्य में होने वाली वर्ाा का अधिकांश भाग मेरे ही क्षेत्र में होता है लेकिन रेलवे स्टेशनों पर शेड का कोई प्रबंध न होने के कारण लोगों को वर्ाा के पानी से भीगना पड़ता है, जिसका प्रभाव उनके स्वास्थ्य और आर्थिक स्थिति पर पड़ता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उक्त स्टेशनों पर आने जाने वाली सभी गाड़ियों को रोकने, स्टेशनों पर शेड का प्रबंध करने तथा कुछ स्थानीय रेलगाड़ियों को चलाने की व्यवस्था अविलम्ब करने की कृपा करें ताकि वहां के लोगों की परेशानियां दूर हो सकें और उनमें व्याप्त असंतोा समाप्त हो सके।